## नियम 52 : संदाय वाउचर

धारा 31 की उपधारा (3) के खंड (छ) में निर्दिष्ट संदाय वाउचर में निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात् :–

**(क)** प्रदायकर्ता का नाम, पता और माल तथा सेवाकर पहचान नंबर, यदि रजिस्ट्रीकृत है;

**(ख)** एक सतत क्रम संख्या, जिसमें एक या बहुल श्रृखंलाओं में 16 से अधिक कैरेक्टर नहीं होंगे, जिसमें वर्णमाला या अंकों या विशेष चिन्ह – हाइफन या डैस और स्लैस अंतर्विष्टहोंगे, जिन्हें क्रमशः ''–'' और ''/'' के रूप में और उनके किसी संयोजन के रूप में किसी वित्त वर्ष के लिए विशिष्ट रूप से चिन्हित किया जाएगा;

**(ग)** जारी करने की तारीख;

**(घ)** प्राप्तिकर्ता का नाम, पता और माल तथा सेवाकर पहचान नंबर;

**(ड.)** मालों या सेवाओं का विवरण;

**(च)** संदत्त रकम;

**(छ)** कर की दर (केन्द्रीय कर, राज्य कर, एकीकृत कर, संघ राज्य क्षेत्र कर या उपकर);

**(ज)** कराधेय मालों या सेवाओं के संबंध में कर की रकम (केन्द्रीय कर, राज्य कर, एकीकृत कर, संघ राज्य क्षेत्र कर या उपकर);

**(झ)** अंतःराज्य व्यापार या वाणिज्य के प्रक्रम में प्रदाय की दशा में राज्य के नाम के साथ प्रदाय का स्थान और उसका कूट; और

**(ञ)** प्रदायकर्ता या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर या डिजीटल हस्ताक्षर।